कृतिम गर्भाधान पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक 15 सितम्बर 2023, को ICAR- केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह, मथुरा में बकरियों पर कृतिम गर्भाधान पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 – 15 सितम्बर 2023 का सफल रुप से समापन हुआ। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम उड़ीसा सरकार के सौजन्य से सफल हुआ, उड़ीसा सरकार द्वारा भेजे गए 20 पशु चिकित्सकों के लिए कृतिम गर्भाधान पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ था । समापन के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ मनीष कुमार चेटली जी द्वारा आज के मुख्य अतिथि डॉ प्रवीन मलिक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एग्रीनोवेट, नई दिल्ली को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रवि रंजन एवं डॉ चेतना गंगवार रहे। इस अवसर संस्थान के सभी वैज्ञानिकों , अधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों ने भाग लिया ।